संख्या— /पाँच—6—15—31(नि0)/2015

प्रेषक,

अभिषेक प्रकाश,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चिकित्सा अनुभाग—6 लखनऊः दिनांक 5 अगस्त, 2015

विषयः— वित्तीय वर्ष 2015—16 में विधान सभा क्षेत्र जसवन्तनगर ब्लाक व तहसील—ताखा जनपद—इटावा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था नामित किये जाने के संबंध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या—4244/17फ/नि0नि0अ0/2015—16 दिनांक 23.07.2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विधान सभा क्षेत्र जसवन्तनगर ब्लाक व तहसील—ताखा जनपद—इटावा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना/निर्माण का निर्णय लिया गया है।

2— उपर्युक्त के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ताखा जनपद—इटावा के भवन निर्माण हेतु उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

अतः अनुरोध है कि कृपया तदनुसार नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उपर्युक्त कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था से अद्यतन कुर्सी क्षेत्रफल दरों पर कार्य आगणन गठित कराकर परीक्षणोपरान्त सक्षम स्तर के प्रतिहस्ताक्षर से कार्य आगणन सहित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु औचित्यपूर्ण प्रस्ताव विलम्बतम एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( अभिषेक प्रकाश )
विशेष सचिव

संख्या— 1967 (1)/पाँच—6—15, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. जिलाधिकारी, इटावा।
2. अधिशासी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य भवन लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक/परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ/इटावा।
4. गार्ड फाइल/संबंधित पत्रावली।

आज्ञा से,

( अभिषेक प्रकाश )
विशेष सचिव

*महत्वपूर्ण/तत्काल/ई—मेल द्वारा भी*

# कार्यालयः महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ

पत्रांक :— 443536/17फ/नि0नि0अ0/2015—16 लखनऊः दिनांकः 11 अगस्त, 2015

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, विश्वैश्वरैया भवन, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ उपरोक्त शासकीय पत्र द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रश्नगत सामु0स्वा0केन्द्र के भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग की अद्यतन दरों पर आगणन गठित कर अविलम्ब महानिदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इटावा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निर्माण इकाई से सामु0स्वा0केन्द्र, ताखा के भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग की अद्यतन दरों पर आगणन गठित कराकर महानिदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(राकेश त्रिपाठी)
अधीक्षण अभियन्ता